पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल से गीता क्विज प्रतियोगिता जीतने वाली मरियम ने भेंट की

अरे तुम तो सर्वधर्म समभाव की प्रतीक हो --राज्यपाल

इस मुलाकात की बात ही कुछ और थी --मरियम

लखनऊः 06 जून, 2015

'अरे तुम तो सर्वधर्म समभाव की प्रतीक हो', यह उद्‌गार प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने आज राजभवन में भागवत गीता क्विज प्रतियोगिता जीतने वाली 12 वर्षीय मरियम सिद्दीकी से भेंट के दौरान कही। उन्होंने कहा कि मरियम का इतनी छोटी उम्र में गीता के साथ-साथ बाईबिल व कुरान जैसे पवित्र ग्रन्थों का अध्ययन करना अपने आप में एक उपलब्धि है। राज्यपाल ने कहा कि सभी धर्म समान हैं और हम सबको भारतीय परम्परा के अनुसार सभी धर्मों के प्रति आदर भाव रखना चाहिये। धर्म का मकसद आदमी को आदमी से जोड़ने का है। वसुधैव कुटुम्बकम की परम्परा के कारण भारत दुनिया में अपना विशिष्ट स्थान रखता है। मरियम ने राज्यपाल के समक्ष गीता पाठ करके भी सुनाया। मरियम के साथ उनके पिता श्री आसिफ नसीम सिद्दीकी भी थे। सुश्री मरियम मीरा रोड, मुंबई के रहने वाली हैं।

सुश्री मरियम ने राज्यपाल को बताया कि वे रोज कुरान शरीफ के साथ-साथ गीता और बाईबिल भी पढ़ती हैं। राज्यपाल ने मरियम को शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है। मरियम ने अपने पिता के साथ राजभवन का भ्रमण भी किया और यह पूछे जाने पर कि भेंट कैसी रही तो उनका जवाब था कि 'इस मुलाकात की बात ही कुछ और थी।